# जरूरतमंद आईआईटी की छात्रा को भेंट किया लैपटॉप

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**किसी** शायर ने कहा है कि, 'बेहतरीन तोहफा देना हो तो मदद कर देना, और जिसकी भी करो तुम हद कर देना' इस शायरी को सही साबित किया है रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ईस्ट ने। गौरतलब है कि, पलवल के एक गरीब जरूरतमंद परिवार की बेटी लकी का आईआईटी जम्मू में स्कॉलरशिप के आधार पर दाखिला मिला है। लकी के पिताजी सब्जी और फल की रेहड़ी लगाकर अपने परिवार का निर्वाहन करते हैं, इतने संघर्ष के बावजूद लकी के पिताजी भूपेंद्र अपनी बच्चों को उच्च शिक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं।

आपको बता दें, बिटिया को अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए लैपटॉप की आवश्यकता थी। इस बाबत बिटिया ने रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ईस्ट के नाम पत्र लिखकर मदद मांगी। बिटिया के इस अनुरोध पत्र को क्लब के प्रेजिडेंट कुलबीर सचदेवा और प्रोजेक्ट इंचार्ज सीए तरुण गुप्ता ने तुरंत संज्ञान में लिया। प्रोजेक्ट इंचार्ज सीए तरुण गुप्ता ने परिवार से संपर्क कर उन्हें अपने दफ्तर में बुलाकर लैपटॉप सौंपा जिसकी कीमत लगभग 55 हजार की है। सीए तरुण गुप्ता ने कहा कि सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को ध्यान में रखते हुए पलवल की दलित समाज की बेटी लकी जो आईआईटी जम्मू में बिना लैपटॉप के अपनी पढ़ाई सुचारू रूप से नहीं कर पा रही थी। हमारे संज्ञान में आते ही लकी के परिवार से बात करके उसकी मदद की।

रोटरी फरीदाबाद ईस्ट के प्रोजेक्ट इंचार्ज सीए तरुण गुप्ता ने बताया कि रोटरी फरीदाबाद ईस्ट समाजसेवा में ब्लड डोनेशन कैंप, थैलीसीमिया ग्रस्त बच्चों को गोद लेकर उनकी देखभाल करना, स्वास्थ्य जांच शिविर, रोटरी एफआइए स्किल डेवलपमेंट सेंटर में भारत सरकार से मान्यता प्राप्त कोर्स करवा कर बेरोजगार को रोजगार देना प्राथमिकता रहा है। मौके पर क्लब के प्रेजिडेंट कुलबीर सचदेवा, प्रोजेक्ट इंचार्ज सीए तरुण गुप्ता, रोटेरियन एचएल भूटानी, रोटेरियन वेद अधलखा, रोटेरियन एनडी नागपाल, रोटेरियन संदीप सिंघल, रोटेरियन राजेश महाजन ने बिटिया को अपना आशीर्वाद और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



बिटिया को लैपटॉप सौंपते रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ईस्ट की टीम।